# सराहनीय कार्य

## इटावा पुलिस

*प्रेस नोट- दिनांक 11.09.2025*

**गौकशी/गौतस्करी पर रोकथाम की दिशा मे कार्य करते हुये इटावा पुलिस द्वारा 22 गौवंश व परिवहन मे प्रयुक्त ट्रक कन्टेनर किया गया बरामद।**

**अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन में इटावा पुलिस थाना बसरेहर पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही।**

**घटना/बरामदगी का संक्षिप्त विवरणः-**

जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं अवैध तस्करी पर अंकुश लगाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में दिनांक 11.09.2025 की रात्रि को थाना बसरेहर पुलिस टीमों द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत संतोषपुर घाट नदी पुल पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान चितभवन की तरफ से एक ट्रक कन्टेनर आता दिखायी दिया। पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया तो ट्रक चालक कन्टेनर को भदामई पुल की ओर तेजी से भगाने लगा। पुलिस टीम द्वारा उक्त वाहन का पीछा किया गया तो ट्रक कन्टेनर सवार व्यक्ति ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। जिस पर पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की गयी। चालक द्वारा कन्टेनर को सिरसा रोड पर बन रहे आईटीआई कॉलेज के पास खेतों मे उतार दिया तथा दोनो व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर भागने मे सफल रहे जिनकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम प्रयासरत है।

पुलिस टीम द्वारा बरामद ट्रक कन्टेनर की तलाशी ली गयी **तो कन्टेनर से कुल 22 गोवंश** बरामद हुये। **उक्त बरामदगी के संबंध मे थाना बसरेहर पर मु0अ0सं0 86/2025 धारा 109(1)पु0मु0/325 बीएनएस व 3/5A/8 गौहत्या निवारण अधि0 व 11 पशु क्रूरता अधि0 व 207 एमवीएक्ट पंजीकृत किया गया।**

**बरामद 01 ट्रक कन्टेनर को धारा 207 एमवीएक्ट के तहत सीज किया गया।**

**पंजीकृत अभियोग-**

1. मु0अ0सं0 86/2025 धारा 109(1)पु0मु0/325 बीएनएस व 3/5A/8 गौहत्या निवारण अधि0 व 11 पशु क्रूरता अधि0 व 207 एमवीएक्ट थाना बसरेहर जनपद इटावा।

**बरामदगीः-**

1. कुल 22 गौवंश।
2. 01 ट्रक कन्टेनर RJ 05 GB 9816

**पुलिस टीम-** थानाध्यक्ष बसरेहर श्री सौरभ सिंह,उ0नि0 महेश कुमार, उ0नि0 जसवन्त सिंह, का0 शुभम सारण, का0 अनूप कुमार, का0 विनोद कुमार, का0 आकाश पंवार, का0 विनोद, का0 विनोद कुमार, चा0का0 अंकुर पंवार ।